कक्षा -४

विषय – हिन्दी

पाठ - ३

संज्ञा

प्रश्न - १ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -

क) संज्ञा किसे कहते है? उसके कितने भेद होते हैं ? नाम लियो ।

उत्तर - किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी ,स्थान तथा भाव के नाम को संज्ञा' कहते है ।
संज्ञा के पॉच भेद होते है। 1. व्यक्ति वाचक संज्ञा 2.जातिवाचक संज्ञा 3.भाववाचक संज्ञा 4.द्रव्यवाचक संज्ञा 5. समूहवाचक संज्ञा ।

ख) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?
उत्तर - जिन शब्दो से वस्तुओ अथवा प्राणियो की पूरी जाति का बोध होता है , उन्हें जातिवाचफ संज्ञा कहते हैं |

जैसे - लड़की पुस्तक आदि।

ग) भाववाचक के संज्ञा चार वाक्य लिखो ।
उत्तर- भाववाचक संज्ञा के वाक्य → १. रावण को बहुत अहंकार था।

२. मॉ की ममता जाग उठी।

३. उसके घर की सजावट बहुत बढिया थी ।

४.सैनिक अपनी वीरता के लिए बहुत प्रसिद्ध है।

घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर- किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध कराने वाले शब्दो को व्यक्ति वाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण - लालकिला, पर्वत, भगतसिंह, ताजमहल आदि।

Scanned with CamScanner

क्रिया	भाववाचक	क्रिया	भाववाचक
खेलना	खेल	चलना	चाल
चढ़ना	चढ़ाई	पढ़ना	पढ़ाई
धोना	धुलाई	सजाना	सजावट
लिखना	लिखावट	बनाना	बनावट
सोचना	सोच	मिलना	मेल

आपने क्या सीखा?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) संज्ञा किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं? नाम लिखो।

(ख) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

(ग) भाववाचक संज्ञा के चार वाक्य लिखो।

(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों को आवश्यक संज्ञा में बदलकर खाली जगह भरो–

(क) राम की ____सज्जनता____ से सभी प्रभावित हुए। (सज्जन)

(ख) बच्चे को रोता देख माँ की ____ममता____ जाग उठी। (मम)

(ग) वह ____बचपन____ में बहुत नटखट था। (बच्चा)

(घ) ____प्यासा____ कौआ उपाय सोचने लगा। (प्यास)

(ङ) भारतीय जवान अपनी ____वीरता____ के लिए प्रसिद्ध हैं। (वीर)

Scanned with CamScanner

3. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाओ—

शब्द	भाववाचक संज्ञा
(क) मानव	मानवता
(ख) ठग	ठगी
(ग) बूढ़ा	बुढ़ापा
(घ) बच्चा	बचपन
(ङ) मोटा	मोटापा

4. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के सामने उनके भेद लिखो—

संज्ञा	भेद
(क) वीरता	भाववाचक
(ख) हिमालय	व्यक्ति वाचक
(ग) पक्षी	जाति वाचक
(घ) दूध	द्रव्य वाचक
(ङ) कक्षा	समूहवाचक

5. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (☒) का चिह्न लगाओ—

(क) कौन-सा शब्द इस संज्ञा भेद का नहीं है?

(अ) मानवता ☐ (ब) कठोरता ☐

(स) ताज़महल ☒ (द) तरुणाई ☐

(ख) इनमें से कौन-सा शब्द अलग है?

(अ) मोहन ☐ (ब) लड़का ☒

(स) सोहन ☐ (द) शिवाजी ☐

(ग) कौन युग्म (जोड़ा) गलत है?

(अ) अपना-अपनत्व ☐ (ब) लिखना-लिखावट ☐

(स) मम-माता ☒ (द) दोस्त-दोस्ती ☐

Scanned with CamScanner